एक कबड्डी दल द्वारा मैचों की श्रृंखला में अर्जित अंक निम्न हैं :
17, 2, 7, 27, 15, 5, 14, 8, 10, 24, 48, 10, 8, 7, 18, 28
टीम द्वारा अर्जित अंकों की माध्यिका है :

(A) 10
(B) 11
(C) 12 ✓
(D) 13

Q.79

नीचे दी गई वस्तुओं को, उनके आयतन के अनुसार घटते हुए क्रम में व्यवस्थित करें :

(a) घन (भुजा = 3 cm)
(b) गोला (r = 3 cm)
(c) बेलन (r = 2 cm, h = 5 cm)
(d) शंकु (r = 3 cm, h = 5 cm)

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) (b), (d), (c), (a)
(B) (b), (c), (d), (a) ✓
(C) (d), (c), (b), (a)
(D) (d), (a), (b), (c)

Q.80

सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें :

सूची-I (रोग)	सूची-II (रोगाणु एवं संबंधित पद)
(a) चिकन पॉक्स	(i) जर्मन मीज़ल्स
(b) रूबेला (अरुण चर्मता)	(ii) कोरिनीबैक्टीरियम
(c) मंप्स (गलसुआ)	(iii) वेरीसेला-जोस्टर वायरस (विषाणु)
(d) डिफ्थीरिया	(iv) रूबुला/रूबेला वायरस

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) (a)-(iii), (b)-(ii), (c)-(iv), (d)-(i)
(B) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(ii) ✓
(C) (a)-(i), (b)-(iii), (c)-(ii), (d)-(iv)
(D) (a)-(iv), (b)-(ii), (c)-(i), (d)-(iii)

Q.81

विज्ञान शिक्षण की समस्या-समाधान विधि में सैद्धांतिक ज्ञान को व्यवहारिक अनुप्रयोगों से जोड़ा जाता है। इस विधि के मूल कार्य हैं :
(a) जानकारी/सूचना की आकांक्षा/जिज्ञासा।
(b) विद्यार्थियों के साथ चर्चा/वादविवाद करना।
(c) नई जानकारी/सूचना का सृजन करना।
(d) निर्णय लेना।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) (a), (b) और (c) केवल
(B) (a), (c) और (d) केवल ✓
(C) (b), (c) और (d) केवल
(D) (a), (b) और (d) केवल

Q.82

राजस्थान के निम्नलिखित व्यक्तित्वों को कालक्रम से व्यवस्थित करें ।
(a) कपूरचंद कुलिश
(b) कोमल कोठारी
(c) कृपाल सिंह शेखावत
(d) जगजीत सिंह
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) (b), (d), (c), (a)
(B) (c), (a), (b), (d) ✓
(C) (a), (b), (c), (d)
(D) (d), (c), (b), (a)

Q.83

उच्च उपलब्धि आवश्यकता वाले व्यक्तियों के संबंध में असत्य कथन की पहचान करें।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) वे मध्यम चुनौतीपूर्ण कार्यों पर काम करने को प्राथमिकता देते हैं, जिनमें सफलता प्रत्याशित होती है।
(B) वे अत्यंत आसान कार्यों अथवा बहुत कठिन कार्यों पर काम करने को प्राथमिकता देते हैं। ✓
(C) जब वे सफल होते हैं, तब वे यथार्थवादी ढंग से अपनी आकांक्षा के स्तर को बढ़ाते हैं।
(D) वे उन परिस्थितियों में कार्य करना पसंद करते हैं, जिनमें परिणामों पर उनका कुछ नियंत्रण होता है।

Q.84

सही कथन/नों को चुनें:
(a) नाइट्रोजन की, दूसरे तत्वों के साथ अभिक्रिया अधिकतर ऊष्माशोषी होती है।
(b) मैग्नीशियम लाल-ताप पर, पानी के साथ बहुत धीरे अभिक्रिया करता है।
(c) अमोनिया का अणु, आकार में एक त्रिभुजीय पिरेमिड है।
(d) प्लूटोनियम की परमाणु-संख्या 84 है।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) (a), (c) और (d) केवल
(B) (a) और (b) केवल
(C) (a) और (c) केवल ✓
(D) (c) और (d) केवल

Q.85

भारतीय राज्य वन रिपोर्ट (आई.एस.एफ.आर.) 2021 के आधार पर राजस्थान के निम्नलिखित जिलों को उनके वन क्षेत्र (वर्ग कि.मी.) के अनुसार अवरोही क्रम में व्यवस्थित करें ।

(a) अजमेर

(b) बारां

(c) बांसवाड़ा

(d) अलवर

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) (d), (b), (c), (a) ✓

(B) (a), (b), (c), (d)

(C) (d), (c), (b), (a)

(D) (b), (a), (d), (c)

Q.86

नीचे दो कथन दिए गए हैं : एक अभिकथन A (Assertion A) के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण R (Reason R) के रूप में।

अभिकथन A :

मारवाड़ी बोली जोधपुर, नागौर, जैसलमेर और पाली में प्रचलित है।

कारण R :

ढूँढाड़ी बोली जयपुर और दौसा में प्रचलित है।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :

(A) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।

(B) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है। ✓

(C) A सही है लेकिन R सही नहीं है।

(D) A सही नहीं है लेकिन R सही है।

Q.87

सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें :

सूची-I	सूची-II
(a) हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड	(i) जयपुर
(b) हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड	(ii) नीमराणा
(c) महिन्द्रा सेज (Sez) सिटी	(iii) उदयपुर
(d) जापानी औद्योगिक पार्क	(iv) झुंझुनूं

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(ii) ✓

(B) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)

(C) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iv)

(D) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(i)

Q.88

एक संख्या को उसके घन में से घटाने के बाद 210 आता है तो संख्या है-

(A) 5
(B) 6 ✓
(C) 7
(D) 8

Q.89

नीचे दो कथन दिए गए हैं : एक अभिकथन A (Assertion A) के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण R (Reason R) के रूप में।

अभिकथन A :

कुएँ और नलकूप राजस्थान की कृषि में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कारण R :

राजस्थान के कुल सिंचित क्षेत्र में से करीब 70.10% कुएँ और नलकूप द्वारा सिंचित किया जाता है।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :

(A) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है। ✓
(B) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(C) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(D) A सही नहीं है लेकिन R सही है।

Q.90

निम्नलिखित में से त्रिभुजों के बारे में, कौन सा / से कथन सत्य हैं?

(a) समद्विबाहु त्रिभुज के दो कोण समान होते हैं।

(b) एक त्रिभुज के कोणों का योग 180° होता है।

(c) एक त्रिभुज में दो अधिक-कोण हो सकते हैं।

(d) एक त्रिभुज में दो कोण हो सकते हैं।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) केवल (d) और (b)
(B) केवल (a) और (b) ✓
(C) केवल (a) और (c)
(D) केवल (b) और (c)

Q.91

सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:

सूची-I अधिनियम	सूची-II वर्ष
(a) दिव्यांगजन अधिनियम	(i) 2016
(b) दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम	(ii) 1995
(c) राजस्थान गैर-सरकारी शैक्षणिक संस्थान अधिनियम	(iii) 2005
(d) बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम	(iv) 1989

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(ii), (d)-(i)

(B) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(iii) ✓

(C) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)

(D) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(ii)

Q.92

"विषयगत अवबोध परीक्षण" किसके द्वारा विकसित किया गया था ?

(A) हाथवे और मैकिन्ले

(B) डी.एल. बेल्लाक

(C) मर्रे और मॉर्गन ✓

(D) हरमन रोर्शा

Q.93

वर्ग को पूर्ण करके द्विघात समीकरण $ax^2 + bx = c$ के हल के लिए, चरणों को व्यवस्थित करें :

(a) दोनों तरफ $(\frac{b}{2a})^2$ जोड़ें

(b) स्थिरांक का RHS की ओर स्थानांतरण करें

(c) $x^2 = 1$ के गुणांक बनाए

(d) LHS के पूर्ण वर्ग के रूप में गुणनफल निकालें

(e) वर्गमूल लें

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) (c), (b), (a), (d), (e) ✓

(B) (b), (a), (c), (d), (e)

(C) (a), (b), (c), (e), (d)

(D) (c), (a), (b), (d), (e)

Q.94

नीचे दो कथन दिए गए हैं : एक अभिकथन A (Assertion A) के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण R (Reason R) के रूप में।

अभिकथन A :

अधिगम एक सामाजिक प्रक्रिया है तथा यह सामाजिक परिवेश में सर्वोत्तम रीति से संपादित की जा सकती है।

कारण R :

ज्ञान रचना किसी व्यक्ति के सामाजिक और सांस्कृतिक परिवेश में स्थित विविध अनुभवों से अर्थ व्युत्पन्न करने की प्रक्रिया है।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :

(A) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है। ✓

(B) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(C) A सही है लेकिन R सही नहीं है।

(D) A सही नहीं है लेकिन R सही है।

Q.95

गणित अधिगम के लिए निम्नलिखित में से कौनसी विधि सबसे उचित है ?

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) व्याख्यान विधि

(B) खोज विधि ✓

(C) प्रश्न-उत्तर विधि

(D) कहानी विधि

Q.96

निम्नलिखित में से कौनसी गणित शिक्षण में प्रमुख चुनौती है? नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) समय प्रबंधन

(B) मूलभूत प्रतीकों और संकेतों की समझ ✓

(C) पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता

(D) शिक्षकों की अनुपस्थिति

Q.97

$p(x) = x^2 + 1$; के लिए नीचे दिए गए $p(x)$ के मानों को, उनके बढ़ते हुए क्रम में व्यवस्थित करें :

(a) $p(-1)$

(b) $p(0)$

(c) $p(2)$

(d) $p(3)$

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) (d), (c), (b), (a)

(B) (b), (c), (a), (d)

(C) (a), (c), (b), (d)

(D) (b), (a), (c), (d) ✓

Q.98

अश्विनी विश्नोई ने ___ में अंडर-17 विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।

(A) यूनान ✓
(B) जापान
(C) इटली
(D) स्पेन

Q.99

निम्नलिखित शिक्षण विधियों को व्यवस्थित करें (सरल से जटिल) :
(a) खोज विधि
(b) समस्या-समाधान विधि
(c) निरूपण/प्रदर्शन विधि
(d) परियोजना विधि
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) (c), (b), (a), (d) ✓
(B) (b), (c), (a), (d)
(C) (d), (c), (b), (a)
(D) (a), (b), (c), (d)

Q.100

नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम, 2009 के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन से कथन सत्य नहीं हैं?
(a) छह से चौदह वर्ष के प्रत्येक बालक को नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार होगा।
(b) प्रारंभिक शिक्षा का अर्थ है कक्षा एक से कक्षा छह तक की शिक्षा।
(c) कैपिटेशन शुल्क का अर्थ है विद्यालय द्वारा अधिसूचित शुल्क के अलावा अन्य कोई शुल्क।
(d) यह भारत गणराज्य के 60वें वर्ष में संसद द्वारा अधिनियमित किया गया था।
(e) संसद के विधेयक ने पंद्रह अगस्त, 2009 में राष्ट्रपति की अनुमति प्राप्त की थी।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) केवल (b) और (e) ✓
(B) केवल (a), (c), (d)
(C) केवल (c), (d)
(D) केवल (b)

Q.101

अरावली श्रृंखला के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य नहीं है?
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) यह भारत की सबसे पुरानी पर्वतमालाओं में से एक है।
(B) यह लगभग दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व की ओर विस्तारित है।
(C) यह एक ज्वालामुखी पर्वत-श्रृंखला है। ✓
(D) इसमें तांबा, लेड और जिंक इत्यादि खनिज निक्षेप पाये जाते हैं।

Q.102

सूर्य के चारों ओर, ग्रहों की कक्षा का वर्णन उसकी अर्ध दीर्घ अक्ष (a) और उसकी उत्केंद्रता (e) के द्वारा दिया जाता है। शून्य उत्केंद्रता एक वृत्ताकार कक्ष के तदनरूपी होते हैं और शून्य से अधिक तथा एक से कम उत्केंद्रता दीर्घवृत्तीय कक्षा के तदनरूपी होते हैं। पृथ्वी की कक्षा की उत्केंद्रता का मान है :

(A) 0.0017
(B) 0.1670
(C) 0.0167 ✓
(D) 0.6710

Q.103

निम्नलिखित को कालक्रमानुसार (पुराने से नए) व्यवस्थित करें :
(a) राजस्थान गैर-सरकारी शिक्षण संस्थान अधिनियम
(b) दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम
(c) निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम
(d) राजस्थान निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार नियम
(e) सर्व शिक्षा अभियान
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) (a), (b), (c), (d), (e)
(B) (a), (c), (b), (d), (e)
(C) (a), (c), (d), (e), (b)
(D) (a), (e), (c), (d), (b) ✓

Q.104

नीचे दो कथन दिए गए हैं : एक अभिकथन A (Assertion A) के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण R (Reason R) के रूप में।

अभिकथन A :
जयपुर स्थित जंतर-मंतर का निर्माण महाराजा सवाई जय सिंह II द्वारा किया गया था।

कारण R :
यह यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया है।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :

(A) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(B) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है। ✓
(C) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(D) A सही नहीं है लेकिन R सही है।

Q.105

निम्नलिखित आत्म (स्व) के कोश को निम्नतम स्तर से उच्चतम स्तर तक व्यवस्थित करें:
(a) प्राणमय कोश
(b) अन्नमय कोश
(c) मनोमय कोश
(d) आनंदमय कोश
(e) विज्ञानमय कोश
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) (a), (b), (c), (d), (e)
(B) (a), (c), (b), (d), (e)
(C) (b), (a), (c), (e), (d) ✓
(D) (b), (c), (a), (d), (e)

Q.106

कोशिका विभाजन के दौरान जीन विनिमय (क्रॉसिंग ओवर) इनके बीच होता है :
(a) अर्धसूत्री विभाजन में भगिनी अर्धसूत्रों (सिस्टर क्रोमेटिड) के बीच।
(b) समसूत्री विभाजन में असमजात गुणसूत्रों के अ-भगिनी अर्धसूत्रों के बीच।
(c) अर्धसूत्री विभाजन में समजात गुणसूत्रों के अ-भगिनी अर्धसूत्रों के बीच।
(d) अर्धसूत्री विभाजन में असमजात गुणसूत्रों के अ-भगिनी अर्धसूत्रों के बीच।
(e) समसूत्री और अर्धसूत्री विभाजन में अ-भगिनी अर्धसूत्रों के बीच।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) केवल (e)
(B) केवल (d)
(C) केवल (c) ✓
(D) केवल (a), (b)

Q.107

सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें :

सूची-I (जिला)	**सूची-II (सीमा)**
(a) जालोर	(i) उत्तर प्रदेश
(b) श्री गंगानगर	(ii) गुजरात
(c) भरतपुर	(iii) मध्य प्रदेश
(d) बाँसवाड़ा	(iv) पंजाब

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) (a)-(ii), (b)-(iv), (c)-(iii), (d)-(i)
(B) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)
(C) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(ii), (d)-(i)
(D) (a)-(ii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(iii) ✓

Q.108

सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:

सूची-I (त्रिभुज)	सूची-II (गुण)
(a) समबाहु	(i) दो भुजाएँ समान हैं।
(b) समद्विबाहु	(ii) सभी भुजाएँ समान हैं।
(c) समकोणीय	(iii) सभी भुजाएँ विभिन्न हैं।
(d) विषमबाहु	(iv) एक कोण 90° है

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(i)

(B) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(iii) ✓

(C) (a)-(iii), (b)-(ii), (c)-(iv), (d)-(i)

(D) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(ii)

Q.109

नीचे दो कथन दिए गए हैं : एक अभिकथन A (Assertion A) के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण R (Reason R) के रूप में।

अभिकथन A :

राजस्थान सरकार ने 2019 में जन सूचना पोर्टल आरंभ किया।

कारण R :

जन सूचना पोर्टल का उद्देश्य सामाजिक अंकेक्षण के साथ-साथ यह सुविधा आम लोगों को उपलब्ध कराना है।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :

(A) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है। ✓

(B) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(C) A सही है लेकिन R सही नहीं है।

(D) A सही नहीं है लेकिन R सही है।

Q.110

राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 से संबंधित, जो सिफारिश नहीं है ?

(a) परख, राष्ट्रीय मूल्यांकन केन्द्र
(b) चार वर्षीय एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम
(c) राष्ट्रीय शैक्षणिक प्रौद्योगिकी मंच (NETF)
(d) सामान्य विद्यालय प्रणाली (CSS)
(e) राष्ट्रीय शोध फाउंडेशन (NRF)

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) केवल (a), (b), (c)

(B) केवल (d) ✓

(C) केवल (d), (e)

(D) केवल (b), (c), (e)

Q.111

सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें :

सूची-I राजस्थान की चोटियाँ	**सूची-II जिला**
(a) रघुनाथगढ़	(i) अजमेर
(b) खो	(ii) सीकर
(c) तारागढ़	(iii) उदयपुर
(d) जरगा	(iv) जयपुर

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) (a)-(ii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(iii) ✓

(B) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)

(C) (a)-(iii), (b)-(ii), (c)-(iv), (d)-(i)

(D) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(ii), (d)-(i)

Q.112

निम्नलिखित में से कौनसे परीक्षण WAIS–R निष्पादन उप-परीक्षण के भाग हैं?

(a) स्मृति विस्तार
(b) अंक प्रतीक
(c) ब्लॉक डिजाइन
(d) शब्दावली
(e) चित्र व्यवस्था

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) केवल (a), (b) और (d)

(B) केवल (b), (c) और (e) ✓

(C) केवल (c), (d) और (e)

(D) केवल (b), (c) और (d)

Q.113

राजस्थान की बोलियों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

(a) रांगड़ी और नीमाड़ी, मालवी की उप-बोलियाँ हैं।
(b) हाड़ौती कोटा, बूंदी, झालावाड़ और बारां क्षेत्र की बोली है।
(c) शेखावाटी उदयपुर, चित्तौड़गढ़ और भीलवाड़ा में बोली जाती है।
(d) मेवाती अलवर और भरतपुर के भागों में बोली जाती है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) केवल (a), (b) और (d) ✓

(B) केवल (a), (b) और (c)

(C) केवल (a), (c) और (d)

(D) केवल (b), (c) और (d)

Q.114

निम्नलिखित में से कौन से उचित है/ हैं?
(a) वृत्त के केन्द्र से बराबर दूरी पर, जीवाओं की लम्बाई बराबर होती हैं।
(b) वृत्त के केन्द्र पर किसी चाप द्वारा बना कोण, वृत्त पर बचे हुए भाग में इसके द्वारा किसी और बिंदु पर बने कोण का दुगुना होता है।
(c) एक वृत्त की समान खंड में कोण बराबर होते हैं।
(d) एक चक्रीय चतुर्भुज कोई भी विपरीत कोणों के युग्म का योग 360° होता है।
(e) यदि किसी चतुर्भुज के एक विपरीत कोणों का योग 90° है तो वह चक्रीय है।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) केवल (a), (b) और (c) ✓
(B) केवल (a) और (b)
(C) केवल (b), (c) और (e)
(D) केवल (a), (b) और (d)

Q.115

निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?
(a) सभी अनिवार्य एमीनो अम्लों का संश्लेषण शरीर में पर्याप्त मात्रा में होता है।
(b) वसा ऊतक का मुख्य कार्य वसा लसीकाणुओं (काइलोमाइक्रोन) से ट्राइग्लिसराइडों को निकालना है।
(c) गैर-कार्बोहाइड्रेट स्रोतों से ग्लूकोस के बनने की प्रक्रिया ग्लूकोसनवजनन (ग्लूकोनिओजेनेसिस) कहलाती है।
(d) सायनाइड एक मारक विष है क्योंकि ये एटीपी सिन्थेस से बद्ध होकर उसे अवरोधित कर देता है।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) (a) और (b)
(B) (b), (c) और (d)
(C) (d) और (c)
(D) (b) और (c) ✓

Q.116

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने किस दौरान राजस्थान में भारत-पाकिस्तान सीमा पर "ऑपरेशन अलर्ट" लाँच किया था ?

(A) जून, 2025
(B) अगस्त, 2025 ✓
(C) मई, 2025
(D) जुलाई, 2025

Q.117

एक पूर्णांक को 1 से 100 में से यादृच्छिक रूप से चुना जाता है। वह पूर्णांक 2 और 5 दोनों से विभाज्य हों, इसकी प्रायिकता क्या होगी?

(A) $\frac{1}{2}$
(B) $\frac{1}{5}$
(C) $\frac{1}{10}$ ✓
(D) $\frac{1}{100}$

Q.118

नीचे दो कथन दिए गए हैं : एक अभिकथन A (Assertion A) के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण R (Reason R) के रूप में।

अभिकथन A :

विगत, जिस विषय का वर्णन करती है, उसके बारे में विस्तृत विवरण प्रदान करती है।

कारण R :

राव रतन री वेली, विगत का एक उदाहरण है।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :

(A) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।

(B) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(C) A सही है लेकिन R सही नहीं है। ✓

(D) A सही नहीं है लेकिन R सही है।

Q.119

9, 12, 6, 12, 11 संख्याओं के लिए, नीचे दी गई राशियों के मान के अनुसार, बढ़ते हुए क्रम में व्यवस्थित करें :

(a) माध्य

(b) माध्यिका (माध्यस्थ)

(c) बहुलक (मोड)

(d) 2 माध्य + 3 बहुलक (मोड)

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) (c), (b), (d), (a)

(B) (c), (a), (b), (d)

(C) (a), (c), (b), (d)

(D) (a), (b), (c), (d) ✓

Q.120

30 ग्राम (g) कार्बन में, कार्बन की मात्रा (मोल में) क्या है?

(A) 2.5 ग्राम (g)

(B) 2.5 मोल ✓

(C) 360 g

(D) 360 मोल

Q.121

फ्रायड के मनो-यौवनिक विकास के निम्नलिखित चरणों को सही अनुक्रम में व्यवस्थित करें :

(a) लैंगिक चरण

(b) गुदा चरण

(c) सुसुप्त चरण

(d) मौखिक चरण

(e) जननांग चरण

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) (d), (b), (c), (e), (a)

(B) (b), (d), (c), (a), (e)

(C) (d), (b), (a), (c), (e) ✓

(D) (c), (d), (b), (e), (a)

Q.122

यदि बहुपद $p(x) = x^2 - 2x + 1$ के मूल α और β हों तो :

(a) $\alpha + \beta = 2$

(b) $\alpha\beta = 1$

(c) $\alpha - \beta = -1$

(d) $\alpha = \beta$

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) केवल (a) और (b)

(B) केवल (b) और (d)

(C) केवल (a), (b) और (c)

(D) केवल (a), (b) और (d) ✓

Q.123

एक निष्पक्ष पासे को दो बार फेंका जाता है। उनके योग का 10 से अधिक पाने की प्रायिकता क्या है?

(A) $1/6$

(B) $1/12$ ✓

(C) $1/2$

(D) $1/4$

Q.124

सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:

सूची-I (शिक्षण अधिगम सहायक सामग्री)	**सूची-II (उदाहरण)**
(a) दृश्य (विजुअल) शिक्षण-अधिगम सहायक सामग्री	(i) रेडियो
(b) श्रव्य (ऑडिटरी) शिक्षण-अधिगम सहायक सामग्री	(ii) दूरदर्शन/टेलीविजन
(c) श्रव्य-दृश्य (ऑडियो-विजुअल) शिक्षण अधिगम सहायक सामग्री	(iii) सीडी/डीवीडी
(d) सूचना प्रौद्योगिकी शिक्षण अधिगम सहायक सामग्री	(iv) फ्लेनेल ग्राफ

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(iii)

(B) (a)-(iii), (b)-(ii), (c)-(i), (d)-(iv)

(C) (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iii) ✓

(D) (a)-(i), (b)-(iv), (c)-(iii), (d)-(ii)

Q.125

सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:

सूची-I (ग्राफ)	सूची-II (अनुप्रयोग)
(a) आयतचित्र (हिस्टोग्राम)	(i) मध्य – बिंदुओं को जोड़ना
(b) (दंड) बार ग्राफ	(ii) एक भाग (हिस्से) से पूर्ण
(c) पाई-चार्ट	(iii) सतत डाटा
(d) आवृत्ति बहुभुज	(iv) श्रेणियों की तुलना

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) (a)-(iii), (b)-(ii), (c)-(iv), (d)-(i)

(B) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iv), (d)-(iii)

(C) (a)-(i), (b)-(iv), (c)-(ii), (d)-(iii)

(D) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(ii), (d)-(i) ✓

Q.126

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, केन्द्र और राज्य एक साथ मिलकर शिक्षा क्षेत्र में सार्वजनिक निवेश में किस स्तर तक वृद्धि करेंगे ?
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) जीडीपी का 4%

(B) जीडीपी का 3%

(C) जीडीपी का 5%

(D) जीडीपी का 6% ✓

Q.127

एक 3.60 kg द्रव्यमान का एक पिंड, एक अंतरिक्ष यात्री द्वारा 700 km उन्नतांश पर पृथ्वी के चारों ओर एक वृत्तीय कक्षा में, छोड़ा जाता है। उस कक्षा में पिंड की यांत्रिक ऊर्जा है (दिया गया है, पृथ्वी की त्रिज्या $= 6370$ km, पृथ्वी का द्रव्यमान $= 5.98 \times 10^{24}$ kg, गुरुत्वाकर्षण स्थिरांक $G = 6.67 \times 10^{-11}$ Nm^2/kg^2) :

(A) -101 MJ ✓

(B) -428 MJ

(C) $+214$ MJ

(D) $+428$ MJ

Q.128

निम्नलिखित में से कौन से कथन उचित हैं ?
(a) दो परिमेय संख्याओं का योग या अंतर परिमेय होता है।
(b) दो अपरिमेय संख्याओं का योग या अंतर अपरिमेय होता है।
(c) दो परिमेय संख्याओं का गुणनफल परिमेय होता है।
(d) दो अपरिमेय संख्याओं का गुणनफल अपरिमेय होता है।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) (a), (d) केवल

(B) (a), (b) केवल

(C) (a), (c) केवल ✓

(D) (b), (c) केवल

Q.129

निम्नलिखित में से कौन से उचित नहीं हैं?
(a) माध्यिका, छंटित डाटा का मध्य मान होता है।
(b) बहुलक, डाटा का सबसे अधिक प्रचलित मान होता है।
(c) माध्य, माध्यिका से हमेशा बड़ा या बराबर होता है।
(d) बहुलक $\geq$ माध्य $\geq$ माध्यिका
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) केवल (a) और (b)
(B) केवल (c)
(C) केवल (d)
(D) केवल (c) और (d) ✓

Q.130

निम्नलिखित संबंधों को आनुवंशिक समरूपता के वृद्धिमान से ह्रासमान क्रम में व्यवस्थित करें :
(a) कज़न (ममेरा/चचेरा/फुफेरा)
(b) समरूप जुड़वाँ
(c) सहोदर
(d) भ्रातृ जुड़वाँ
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) (d), (b), (c), (a)
(B) (b), (d), (c), (a) ✓
(C) (d), (b), (a), (c)
(D) (b), (d), (a), (c)

Q.131

सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:

सूची-I (प्राणी प्रतीक)	**सूची-II (जिला)**
(a) खरमोर पक्षी	(i) बाड़मेर
(b) सांभर हिरण	(ii) भीलवाड़ा
(c) लोमड़ी	(iii) अजमेर
(d) मोर	(iv) अलवर

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(i)
(B) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(ii) ✓
(C) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)
(D) (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iii)

Q.132

राजस्थान के मेलों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-कौन से कथन सत्य हैं?

(a) खलकाणी माता गर्दभ मेला जयपुर के पास भावगढ़ बंध्या गाँव में आयोजित होता है।
(b) बेणेश्वर मेले को "आदिवासियों का कुंभ" कहा जाता है।
(c) लक्खी मेला वर्ष में दो बार अलवर से 40 किमी. दूर भर्तृहरि में आयोजित होता है।
(d) कपिल मुनि मेला सीकर के खंडेला में आयोजित होता है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) केवल (a), (c) और (d)
(B) केवल (b), (c) और (d)
(C) केवल (a), (b) और (d)
(D) केवल (a), (b) और (c) ✓

Q.133

पशुधन/मवेशियों के लिए राजस्थान की प्रथम लिंग-किस्म (सेक्स-सॉर्टेड) वीर्य प्रयोगशाला ____ में उद्घाटित की गई है।

(A) अलवर
(B) टोंक
(C) उदयपुर
(D) जयपुर ✓

Q.134

गुहिल राजवंश के निम्नलिखित शासकों को कालक्रम से व्यवस्थित करें।
(a) जैत्र सिंह
(b) राणा हम्मीर
(c) महाराणा लाखा
(d) महाराणा कुम्भा
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) (b), (a), (d), (c)
(B) (a), (b), (c), (d) ✓
(C) (c), (d), (b), (a)
(D) (d), (b), (c), (a)

Q.135

अरब सागर में गिरने वाली नदी है :

(A) पार्वती
(B) माही ✓
(C) बाणगंगा
(D) बनास

Q.136

माना $x = 2 + \sqrt{3}$ तो $(x - \frac{1}{x})$ है:

(A) 0
(B) 1
(C) $\sqrt{3}$
(D) $2\sqrt{3}$ ✓

Q.137

$p(x) = ax^2 + bx + c$ और $D = b^2 - 4ac$, के लिए सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें :

सूची-I (तथ्य)	सूची-II (संबंध)
(a) मूलों का योग	(i) $D = 0$
(b) मूलों का गुणनफल	(ii) $D \neq 0$
(c) मूल समान होंगे	(iii) $\frac{c}{a}$
(d) मूल असमान होंगे	(iv) $\frac{-b}{a}$

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(ii) ✓

(B) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(i)

(C) (a)-(iv), (b)-(ii), (c)-(i), (d)-(iii)

(D) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(ii), (d)-(i)

Q.138

राजस्थान निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार नियम किस वर्ष प्रभावशील हुए?

(A) 2009

(B) 2008

(C) 2011 ✓

(D) 2021

Q.139

सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें :

सूची-I (कोण)	सूची-II (रेंज (परास))
(a) न्यून कोण	(i) $90^\circ - 180^\circ$
(b) अधिक कोण	(ii) $180^\circ - 360^\circ$
(c) समकोण	(iii) $< 90^\circ$
(d) प्रतिवर्ती कोण	(iv) 90°

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) (a)-(i), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(ii)

(B) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iv), (d)-(iii)

(C) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(ii) ✓

(D) (a)-(iii), (b)-(ii), (c)-(iv), (d)-(i)

Q.140

निम्नलिखित में से किस विटामिन की कमी से त्रुटिपूर्ण रक्त स्कंदन होता है?

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) फिल्लोक्वीनोन ✓

(B) निआसिन

(C) थायमीन

(D) रेटीनोल

Q.141

नीचे दो कथन दिए गए हैं : एक अभिकथन A (Assertion A) के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण R (Reason R) के रूप में।

अभिकथन A :
झालावाड़ शैली को स्वतंत्र विद्या के रूप में स्थापित करने का श्रेय महाराव राम सिंह को दिया जाता है।

कारण R :
झालावाड़ के महलों की दीवारों पर श्रीनाथ जी, राधाकृष्ण लीला, रामलीला के चित्र झालावाड़ शैली के हैं।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए

(A) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(B) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(C) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(D) A सही नहीं है लेकिन R सही है। ✓

Q.142

गोरबिया सौर विद्युत परियोजना ____ में उद्घाटित की गई है।

(A) बीकानेर
(B) जोधपुर
(C) जैसलमेर
(D) धौलपुर

Q.143

नाइट्रिक अम्ल और सोडियम हाइड्रोक्साइड के बीच अभिक्रिया के लिए पूर्ण संतुलित समीकरण चुनिए :
(a) $HNO_3 + Na_2OH \rightarrow Na_2NO_3(aq) + H_2O(l)$
(b) $HNO_3(aq) + NaOH(aq) \rightarrow NaNO_3(aq) + H_2O(l)$
(c) $HNO_3 + NaOH \rightarrow NaNO_4 + H_2$
(d) $HNO_3 + NaOH \rightarrow NaNO_2 + H_2O + O^-$
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) केवल (b) ✓
(B) केवल (c)
(C) केवल (b), (c), (d)
(D) केवल (a)

Q.144

ग्रहों की गति, केपलर के नियम द्वारा अभिनियंत्रित होती हैं।
(a) केपलर का दूसरा नियम, i.e, क्षेत्रफल का नियम, कोणीय संवेग के संरक्षण के नियम के तुल्य है।
(b) केपलर का दूसरा नियम, i.e, क्षेत्रफल का नियम, रेखिक संवेग के संरक्षणों के नियम के तुल्य है।
(c) किसी ग्रह के आवर्त काल का घन, उसके अर्ध दीर्घ अक्ष के वर्ग के समानुपाती होता है।
(d) किसी ग्रह के आवर्त काल का वर्ग, उसके अर्ध दीर्घ अक्ष के घन के समानुपाती होता है।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) केवल (a) और (c)
(B) केवल (b) और (c)
(C) केवल (a) और (d) ✓
(D) केवल (b) और (d)

Q.145

नीचे दो कथन दिए गए हैं : एक अभिकथन A (Assertion A) के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण R (Reason R) के रूप में।

अभिकथन A :

चंबल नदी घाटी परियोजना राजस्थान और मध्य प्रदेश राज्यों में चंबल नदी पर स्थित है। इसका निर्माण दोनों राज्यों ने मिलकर किया है।

कारण R :

यह परियोजना 1965-66 में शुरू हुई थी।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :

(A) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।

(B) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(C) A सही है लेकिन R सही नहीं है। ✓

(D) A सही नहीं है लेकिन R सही है।

Q.146

सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:

सूची-I (राजस्थान के दुर्ग)	**सूची-II (जिले)**
(a) मेहरानगढ़	(i) बीकानेर
(b) सिवाणा	(ii) जोधपुर
(c) जूनागढ़	(iii) झालावाड़
(d) गागरोन	(iv) बाड़मेर

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)

(B) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(ii), (d)-(i)

(C) (a)-(iii), (b)-(ii), (c)-(iv), (d)-(i)

(D) (a)-(ii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(iii) ✓

Q.147

राजस्थान में धार्मिक आंदोलन का श्रीगणेश किस संत द्वारा किया गया माना जाता है?

(A) संत हरिदास

(B) संत रैदास

(C) संत धन्ना ✓

(D) संत नामदेव

Q.148

गणित शिक्षण में नैदानिक विधि के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा सत्य है?
(a) इसका उद्देश्य विद्यार्थियों के सामने आने वाली विशिष्ट कठिनाईयों की पहचान करना है।
(b) यह योगात्मक मूल्यांकन करने से पूर्व अंत में प्रयुक्त की जाती है।
(c) यह उपचारात्मक शिक्षण की योजना में प्रयुक्त होती है।
(d) इसका उद्देश्य अंतिम ग्रेड आवंटित करना है।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) (a) और (b) केवल
(B) (a) और (c) केवल ✓
(C) (b) और (c) केवल
(D) (b) और (d) केवल

Q.149

इंदिरा गांधी नहर परियोजना के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसे कथन सत्य हैं?
(a) पूर्व में यह परियोजना राजस्थान नहर परियोजना के नाम से जानी जाती थी।
(b) यह सबसे पहले 1948 में नियोजित की गई थी।
(c) यह 1961 में अस्तित्व में आई थी।
(d) यह राजस्थान के उत्तरी-पश्चिमी भाग में हैं।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) केवल (a), (b) और (c)
(B) केवल (b), (c) और (d)
(C) केवल (a), (b) और (d) ✓
(D) केवल (a), (c) और (d)

Q.150

“ढटकी” उपबोली किस भाषा से संबंधित है?

(A) मेवाड़ी
(B) ढूंढाड़ी
(C) मारवाड़ी ✓
(D) हाड़ौती



Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in